**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 05 अभियुक्त एंव एन0बी0डब्लू0 में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक 16.07.2024**

**दिनांक 15/16.07.2024 को थाना अलीगंज 01, इन्दिरानगर 02, ठाकुरगंज 01, विभूतिखण्ड 01 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में थाना इटौंजा 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 05 अभियुक्त एंव एन0बी0डब्लू0 में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**डी0सी0पी0 पूर्वी**

**गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही।**

**थाना बीबीडी**-दिनांक 15.07.2024 को थाना प्रभारी निरीक्षक श्री अजय नारायण सिंह थाना बीबीडी द्वारा अभियुक्त 1. सुरेन्द्र प्रताप पाल पुत्र सूर्यनारायण पाल निवासी ग्राम 2/64 वास्तुखण्ड गोमतीनगर थाना विभूतिखण्ड लखनऊ हाल पता 4/206 विजयन्त खण्ड निकट फायर स्टेशन के आपोजिट थाना विभूतिखण्ड लखनऊ, किराये का मकान 2/101 विशेष खण्ड विभूतिखण्ड लखनऊ व म0न0 2/282 विभवखण्ड थाना विभूतिखण्ड लखनऊ मूल निवासी ग्राम कोहलवा पोस्ट पौली थाना घनघटा जिला सन्तकबीरनगर उम्र 43 वर्ष, व गैंग के सदस्य 02- फूलचन्द्र उर्फ रोहित पुत्र जोखन राम निवासी अवध पुरी खण्ड 2 निकट गीतापुरी चौराहा खरगापुर थाना गोमतीनगर विस्तार लखनऊ मूल पता ग्राम खडसरपुर पोस्ट टिनिच थाना गौर जनपद बस्ती उम्र करीब 38 वर्ष के विरूद्ध थाना बीबीडी पर धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एंव समाज विरोधी क्रियाक्लाप अधि0 की कार्यवाही की गयी ।

**डी0सी0पी0 उत्तरी**

**गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही।**

**थाना बीकेटी**-दिनांक 15.07.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री संजय कुमार सिंह थाना बीकेटी द्वारा अभियुक्त 01-राकेश रावत उर्फ मिट्ठू पुत्र बब्लू रावत निवासी ग्राम भैसामऊ थाना बी के टी जनपद लखनऊ उम्र 20 वर्ष 02. अरूण गौतम पुत्र स्व0 वीरेन्द्र गौतम निवासी ग्राम कोटवा थाना बीकेटी जनपद लखनऊ उम्र 21 वर्ष के विरूद्ध थाना बीकेटी पर धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधि0 की कार्यवाही की गयी।

**डी0सी0पी0 मध्य**

**सट्टा खेलते समय गिरफ्तार।**

**थाना मदेयगंज**-दिनांक 15.07.2024 को एस0आई0 श्री अमरनाथ थाना मदेयगंज द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01-शुभम कश्यप पुत्र श्री लल्ला कश्यप निवासी 481/101 गुडियन पुरवा , मोहन मेकिन रोड थाना मदेयगंज लखनऊ उम्र करीब 21 वर्ष 02.रोहित कश्यप पुत्र विजय कश्यप निवासी -481/184 गुडियन पुरवा मोहन मेकिन रोड थाना मदेयगंज लखनऊ उम्र करीब 28 वर्ष को आपस में रूपयों की हारजीत की बाजी लगाकर सट्टा पर्ची द्वारा सट्टा खेलते व खिलवाते समय पक्का पुल के पास बन्धे के पास से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 21 अदद सट्टा पर्ची व 1150/- रूपये नगद बरामद कर थाना मदेयगंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**<u>बीएनएस/ भादवि</u>**

**<u>थाना आलमबाग</u>**-आज दिनांक 16-07-2024 को सूचना मिली कि इको गार्डन पिंक बूथ के पास एक लड़का करन रावत पुत्र स्व0 चंद्रेश रावत निवासी ग्राम प्यारेपुर थाना हरचंदपुर जनपद रायबरेली हालपता मकान न0 सी 52 कैलाशपुरी कॉलोनी थाना आलमबाग जनपद लखनऊ उम्र करीब 15 वर्ष जो अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है जिसे तत्काल एंबुलेंस की मदद से लोक बंधु अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया। मृतक के बारे में उनके परिजनों से जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि मृतक करन रावत उपरोक्त कोई काम नही करता था, इधर उधर घूमता रहता था। मृतक को मिर्गी (Epilepsy) की बीमारी थी, जिसका इलाज चल रहा था। मृतक के संबंध में पोस्टमार्टम (पंचायतनामा) व आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**<u>थाना सैरपुर-</u>** आज दिनाँक 16.07.2024 को समय करीब 8.00 जरिये दूरभाष कंट्रोल रूम सूचना प्राप्त हुआ कि आईआईएम के पीछे हनुमान टेकरी मार्ग पर नाले में पैर कटा अज्ञात शव पड़ा है । इस सूचना पर थाना स्थानीय सैरपुर पुलिस मौके पर पहुच कर मौका मुआयना करने पर पाया गया कि आईआईएम के पीछे बहने वाली करीब 20 फ़ीट गहरे नाली में एक अज्ञात महिला का शव सड़ गल चुका है हाथ पैर सड़ने के कारण कीड़े पड़े है व चेहरा गल गया है व एक सड़ा गला पैर रोड पर पड़ा है , शरीर पर लाल छिटदार नाइटी पहनी है , जिससे शव अज्ञात महिला का नाम पता तस्दीक नही हो पा रहा है । शव का फोटोग्राफी करते हुए फील्ड यूनिट द्वारा जरूरी साक्ष्य इकट्ठा किया गया व शव को कब्जा पुलिस लेकर पंचायतनामा करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

**<u>थाना गोसाईगंज</u>**-दिनांक 16.07.2024 को थाना गोसाईगंज द्वारा बताया गया कि वादी श्री वीरेन्द कुमार पुत्र श्री माता प्रसाद निवासी ग्राम कुतुबपुर मजरा हसनापुर थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ ने थाना गोसाईगंज पर सूचना दिया कि वादी का पुत्र राज 15 वर्ष उच्च मा०वि गोपीखेड़ा कक्षा 07 का छात्र था जो प्रातः समय 07.30 बजे रोज की भांति विद्यालय जा रहा था। रास्ते में मोहम्मदपुर गढ़ी में तेज रफ्तार एवं लापरवाही से ट्रैक्टर चला रहे ड्राईवर तान पुत्र अज्ञात निवासी- ग्राम रहमत नगर लखनऊ की लापरवाही से ट्रैक्टर चपेट में आकर वादी के पुत्र राज की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। ट्रैक्टर नं0 HR 05 AN 9801 में ईट लदी है जो मौके पर खड़ी है, जिसका चालक मौके से फरार है ट्रैक्टर ट्राली में एक पार्वती ब्रिक फिल्ड से लद कर जा रहा था। मौके पर ही बच्चे का शव पड़ा हुआ है। ट्रैक्टर को चेचिस नं० WXC618199869 अंकित है तथा छात्र की टूटी हुई साईकिल मौके पर पड़ी है। **इस सूचना पर थाना गोसाईगंज पर मु0अ0सं0 268/2024 धारा 281/106/324(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**<u>थाना पीजीआई</u>**-दिनांक 16.07.2024 को थाना पीजीआई द्वारा बताया गया कि स्टेशन मास्टर उतरेठिया द्वारा थाना स्थानीय पर एक मेमो इस आशय का भेजा गया कि दिनांक 15.07.2024 को समय करीब 23.20 बजे रात्रि में उतरेठिया-ट्रांसपोर्टनगर के बीच कि0मी0 सं0-3/7 से 3/11 के बीच एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में से मृत्यु हो गयी है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री धीरेन्द्र कुमार वर्मा मो0नं0-9839244591 थाना पीजीआई द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक के पास से मिले आधार कार्ड से मृतक की शिनाख्त राकेश कुमार पुत्र पुत्तीलाल उम्र करीब 52 वर्ष निवासी-चिरैयाबाग थाना पीजीआई के रूप में हुआ। परिजनों ने पूछताछ में बताया कि राकेश कुमार उपरोक्त ई-रिक्शा चलाते थे। बीति रात्रि में घर में किसी बात पर विवाद होने पर घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर गयी रेलेवे लाइन की तरफ चले गये और किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी। मृतक के 01 पुत्र व 01 पुत्री है।